दिनांक 08.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का प्रथम चरण 12 जनवरी से

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान के प्रथम चरण की शुरूआत दिनांक 12 जनवरी से 14 जनवरी तक नगर निगम क्षेत्र के मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय विभिन्न वार्डों में शुरू होगी। आयुक्त के0एल0 चौहान के मार्गदर्शन में जोन 01 के नोडल अधिकारी संजय बागड़े, जोन 02 आर0के0 पदमवार, जोन 03 बी0के0 देवांगन, जोन 04 संजय शर्मा, जोन 05 डी0के0 वर्मा, जोन 06 टी0के0 रणदिवे के साथ सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने बताया कि सभी जोनों में आवेदकगण अपने आवश्यकता अनुसार आवेदन कर सकते हैं यह ध्यान रखना होगा कि प्रत्येक कार्य के लिए पृथक–पृथक आवेदन, मोबाईल नम्बर, संबंधित स्थल तक पहुंच मार्ग निर्धारित आवेदन पत्र में भरकर देना होगा यदि कोई गुप्त आवेदन देना चाहता है तो उसके लिए अलग से बाक्स सभी स्थलों पर रखा मिलेगा उसमें डाल सकतें है। निगम भिलाई यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्राप्त आवेदनों की स्कुटनी उसी तिथि को करके संबंधित विभाग को भेजा जावे। मुख्य कार्यालय के साथ–साथ कुल 33 वार्डों में शिविर आयोजित होगा। प्रत्येक शिविर में दो वार्ड सम्मिलित किया गया है। बड़े वार्डों के लिए निर्धारित तिथि को शिविर आयोजित की जायेगी।

इस लोक सुराज अभियान के माध्यम से शासन प्रशासन से संबंधित जनता के समस्याओं का समधान करते हुए शासकीय लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना बहुत से आवेदकगणों को शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए अलग–अलग समय पर आवेदन करना पड़ता था अब एक ही स्थल पर आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जायेगा। जिनका निराकरण स्थानीय स्तर पर किया जाना है उसका समाधान त्वरित होगा, निर्माण संबंधी कार्य शासन के स्वीकृति के पश्चात् पूर्ण किये जायेंगे। महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने भिलाई नगर निगम क्षेत्र के निवासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने स्थानीय समस्याओं का निराकरण निर्धारित तिथि में करवायें।

जन सम्पर्क विभाग